प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 49/2024)

तत्काल जारी करने हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण(भादूविप्रा)

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ बैठक

नई दिल्ली, अगस्त 08, 2024 - भादूविप्रा ने आज दिनांक 08 अगस्त 2024 को भादूविप्रा के अध्यक्ष की अध्यक्षता में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं टीएसपी के साथ बैठक आयोजित की । बैठक में एयरटेल, बीएसएनएल, क्वाड्रेंट टेलीवेंचर्स लिमिटेड(क्यूटीएल), रिलायंस जियो, टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड और वी-कॉन मोबाइल एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य विनियामक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में एमटीएनएल और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए।

बैठक के दौरान निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा हुई-

- (i) पीआरआई/एसआईपी या बल्क कनेक्शन के माध्यम से थोक वाणिज्यिक सम्प्रेषण भेजने वाली संस्थाओं द्वारा स्पैम कॉल।
- (ii) सभी टेलीमार्केटर्स और बल्क कॉल करने वाले उद्यमों का डीएलटी प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरण।
- (iii) संदेशों की ट्रेसबिलिटी के लिए एंटिटी और टेलीमार्केटर चेन बाइंडिंग।
- (iv) दुर्भावनापूर्ण लिंक वाले संदेशों को ब्लॉक करने के लिए यूआरएल को श्वेतसूची में डालना।

विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात निम्नलिखित निर्णय लिये गये-

- **(i) यदि कोई एंटिटी स्पैम कॉल करने के लिए अपनी एसआईपी/पीआरआई लाइनों का दुरुपयोग करती है, तो एंटिटी के सभी दूरसंचार संसाधनों को उसके दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) द्वारा डिस्कनेक्ट कर दिया जाएगा और एंटिटी को ब्लैकलिस्ट सूची में डाल दिया जाएगा। यह जानकारी टीएसपी द्वारा अन्य सभी टीएसपी के साथ साझा की जाएगी जो, इसी क्रम में, उस एंटिटी को उनके द्वारा दिए गए सभी दूरसंचार संसाधनों को डिस्कनेक्ट कर देंगे और इसे दो साल तक की अवधि के लिए ब्लैकलिस्ट कर देंगे। ब्लैकलिस्टिंग की अवधि के दौरान, किसी भी टीएसपी द्वारा उसे कोई नया दूरसंचार संसाधन आवंटित नहीं किया जाएगा।**
- (ii) दिनांक 01 सितंबर 2024 से, कोई भी संदेश, जिसमें ऐसे यूआरएल/एपीके शामिल हैं जो श्वेतसूची में नहीं हैं, को वितरित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- (iii) संदेश प्रवाह की ट्रैसेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए एंटिटी और टेलीमार्केटर श्रृंखला बाइंडिंग का तकनीकी कार्यान्वयन टीएसपी द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक पूरा किया जाएगा।

भादूविप्रा ने इस बात पर बल दिया कि वॉयस कॉल/रोबो कॉल/प्री-रिकॉर्डेड कॉल के लिए पीआरआई/एसआईपी कनेक्शन का इस्तेमाल करने वाले स्पैमर्स पर बिना किसी देरी के कड़ी कार्रवाई करने की तत्काल आवश्यकता है। सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने स्पैम कॉल्स की समस्या को रोकने में भादूविप्रा को पूर्ण सहयोग देने तथा समय-सीमा के भीतर भादूविप्रा के सभी निर्देशों को लागू करने का आश्वासन दिया।

ह/-

(अतुल कुमार चौधरी)

सचिव, भादूविप्रा